# इकाई–3

## अध्याय–4

# जल संसाधन

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्र. 1 पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों में भौमजल के अधिक उपयोग से भूमिगत जल में किस प्रकार का संकेन्द्रण बढ़ गया है?

(अ) सोड़ियम (ब) फ्लोराइड़ (स) आर्सेनिक(संखिया) (द) जिप्सम ( )

प्र. 2 भौम जल के अत्यधिक दोहन के कारण राजस्थान एवं महाराष्ट्र में भूमिगत जल में किस प्रकार का संकेन्द्रण बढ़ गया है?

(अ) फ्लोराइड (ब) जिप्सम (स) सोड़ियम (द) आर्सेनिक ( )

प्र. 3 प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण सम्बन्धित जल अधिनियम कब बनाया गया था?

(अ) 1964 (ब) 1974 (स) 1984 (द) 1994 ( )

प्र. 4 जल संरक्षण से सम्बन्धित 'नीरू–मीरू' कार्यक्रम किस राज्य में चलाया जा रहा है?

(अ) राजस्थान (ब) महाराष्ट्र (स) कर्नाटक (द) आन्ध्र–प्रदेश ( )

प्र. 5 'अरवारी पानी संसद' कार्यक्रम राजस्थान के किस क्षेत्र में चलाया गया है?

(अ) जयपुर (ब) जोधपुर (स) बीकानेर (द) अलवर ( )

प्र. 6 CPCB का पूरा नाम है।

(अ) सेन्ट्रल पोल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड़ (ब) सेन्ट्रल पोपूलेशन कन्ट्रोल बोर्ड

(स) सेन्ट्रल पब्लिक कन्ट्रोल बोर्ड (द) कोई भी नहीं ( )

प्र. 7 देश के कुल जल संसाधन का सबसे बड़ा हिस्सा किस सेक्टर में है?

(अ) सिंचाई (ब) उद्योग (स) घरेलू उपयोग (द) कोई नहीं ( )

प्र. 8 निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है?

(अ) अजैव संसाधन (ब) जैव संसाधन (स) अनवीकरणीय संसाधन (द) चक्रीय संसाधन( )

प्र. 9 भारत में कुल उपयोगी जल संसाधनों की मात्रा लगभग है।

(अ) 800 घन कि.मी. (ब) 1122 घन कि.मी.

(स) 1400 घन कि.मी. (द) 1600 घन कि.मी. ( )

प्र. 10 भारत निम्न में से किस नदी बेसिन के वार्षिक जल प्रवाह का सबसे कम भाग उपयोग में ले पाता है।

(अ) महानदी (ब) नर्मदा (स) सुर्वण रेखा (द) ब्रह्मपुत्र ( )

प्र. 11 निम्न में से क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौनसा है?

(अ) गोदावरी (ब) कृष्णा (स) ब्रह्मपुत्र (द) गंगा ( )

प्र. 12 हरियाली परियोजना सम्बन्धित है।

(अ) ग्रामीण विकास से (ब) वृक्षारोपण से (स) जल संभर प्रबन्धन से (द) इन सभी से ( )

प्र. 13 राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण ढाँचे कहलाते हैं।

(अ) जोहड़ (ब) झील (स) टांका (द) सागर ( )

प्र. 14 निम्न में से राष्ट्रीय जल नीति किस वर्ष संशोधित की गई।

(अ) सन् 2006 (ब) सन् 2007 (स) सन् 2008 (द) सन् 2012 ( )

**रिक्त स्थान –**

प्र. 1 पृथ्वी का लगभग ...................... प्रतिशत धरातल पानी से आच्छादित है।

प्र. 2 जल एक ...................... संसाधन है।

प्र. 3 पारंपरिक रूप से भारत एक ...................... प्रधान देश है।

प्र. 4 ...................... की व्यवस्था बहुफसलीकरण को संभव बनाती है।

प्र. 5 जल संभर प्रबन्धन से तात्पर्य मुख्य रूप से ...................... और भौम जल संसाधनों के सही प्रबन्धन से है।

प्र. 6 धरातल के उपर व भूगर्भ में पाये जाने वाले समस्त जल भंडारों को ...................... कहते हैं।

प्र. 7 देश में कुल नदियां एवं उनकी सहायक नदियां जिनकी लम्बाई 1.6 किमी से अधिक है। की संख्या .......... ........... है।

प्र. 8 भारत में सभी नदी बेसिनों का औसत वार्षिक प्रवाह ...................... है।

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न –**

प्र. 1 भारत की किन तीन नदियों जिनका जल ग्रहण क्षेत्र सबसे ज्यादा हैं।

प्र. 2 लैगुन किसे कहते हैं ?

प्र. 3 पश्च जल Black Water किसे कहते हैं। भारत में कहाँ–कहाँ पाये जाते हैं?

प्र. 4 भारत की प्रमुख चार बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के नाम लिखिए।

प्र. 5 वर्षा जल संग्रहण से क्या तात्पर्य है?

प्र. 6 हरित क्रान्ति से क्या आशय है?

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न –**

प्र. 1 जल क्रान्ति अभियान का उद्देश्य एवं उसके अन्तर्गत प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों का विवेचन कीजिए।

प्र. 2 भारत के प्रमुख जल संसाधनों का वर्णन कीजिए।

प्र. 3 वर्षा जल संग्रहण क्या है? वर्षा जल संग्रहण की प्रचलित विधियां का वर्णन कीजिए।